आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 31.03.2026 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक अग्रणी भागीदारी के रूप में उभर रहा है।
- देशभर में जनगणना 2027 का पहला चरण कल से शुरू होगा–घर घर जाकर सूचीकरण और स्वगणना की प्रक्रिया पूरी होगी।
- प्रदेश में नए वित्तीय वर्ष में 262 स्थानों पर 591 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा का कला, विज्ञान और वाणिज्य वर्ग का परीक्षा परिणाम घोषित।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश हुई–कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि के समाचार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकंडक्टर के ओएसएटी संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संयंत्र में होने वाला उत्पादन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि साणंद स्थित इस संयंत्र में निर्मित चिप्स अमरीका तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक अग्रणी भागीदार के रूप में उभर रहा है।

..................

श्री मोदी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जा रही है जिससे भारत की सेमीकंडक्टर की आवश्यकता देश के भीतर से ही पूरी हो सके। इस संयंत्र के उद्घाटन से भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को नई गति मिलने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्स के उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा पहले ही बुक हो चुका है। गौरतलब है कि इस संयंत्र के सभी चरण पूरे होने पर इसकी उत्पादन क्षमता रोजाना छह दशमलव 33 मिलियन यूनिट होगी। वहीं श्री मोदी ने गांधीनगर के कोबा में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन भी किया। यह संग्रहालय जैन इतिहास, सम्राट संप्रति के जीवन, उनके शासन और अहिंसा के संदेश को समर्पित है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

000

देशभर में जनगणना 2027 का पहला चरण कल से शुरू होगा। इस चरण में पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों को सरकार ने अधिसूचित किया है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में घर–घर जाकर सूचीकरण और स्व–गणना की प्रक्रिया पूरी होगी। यह चरण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 30 सितम्बर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि जाति आधारित गिनती जनगणना के दूसरे चरण में की जाएगी। श्री नारायण ने विदेश में रहने वाले भारतीयों की इस जनगणना में भागीदारी करने के तरीकों को भी स्पष्ट किया।

000

आगामी नए वित्तीय वर्ष में प्रदेश के 262 स्थानों पर 591 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। केन्द्र सरकार ने राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम को राज्य में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए 81 करोड़ 12 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की है। इससे राज्य में ईवी चार्जिंग के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। साथ ही ग्रीन एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

गौरतलब है कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम ने प्रधानमंत्री ई–ड्राइव योजना के तहत प्रदेश में नए ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए भारत सरकार के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। योजना के तहत जयपुर में 112, अजमेर में 49, उदयपुर में 39 तथा कोटा में 28 चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 34 चार्जिंग स्टेशन राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर स्थापित किए जाएंगे। इससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले ईवी उपयोगकर्ताओं को सुविधा मिलेगी।

000

नए वित्तीय वर्ष में कल से प्रदेशभर में राजस्व न्यायालयों में लंबित मुकदमों के शीघ्र और समयबद्ध निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस संबंध में सभी तहसीलों, उपखंड, और जिला तथा संभाग स्तरीय राजस्व अधिकारियों को विशेष टास्क दिए गए हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजस्व अधिकारियों के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं, जिनके अनुसार राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक कार्य दिवस को 4 घंटे नियमित न्यायालय संचालन के निर्देश दिए गए हैं।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–आरबीएसई की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। कला वर्ग का परिणाम 97 दशमलव पांच चार प्रतिशत रहा, जबकि विज्ञान वर्ग का 97 दशमलव पांच दो और वाणिज्य वर्ग का 93 दशमलव छह चार प्रतिशत रहा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उदयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ये परिणाम जारी किये। शिक्षा मंत्री ने उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

000

प्रदेश के दौसा और करौली जिलों में भी अब किसानों को कृषि कार्य लिए दिन में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इन दोनों जिलों को निर्बाध बिजली आपूर्ति से जोड़ने के बाद प्रदेश के कुल 24 जिलों में दिन के समय कृषि कार्य के लिए विद्युत आपूर्ति सुलभ होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में सोशयल मीडिया पोस्ट पर ये घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली देने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में परिवर्तित बजट में यह कार्य चरणबद्ध रूप से साल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार के इस फैसले से दौसा जिले में करीब 52 हजार से अधिक और करौली जिले में 35 हजार से ज्यादा कृषि उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि दोनों जिलों में पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेंट–ए और सी में 32 मेगावॉट क्षमता के 17 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये गये हैं।

000

केन्द्र सरकार ने राजस्थान सहित पांच राज्यों में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान 15वें वित्त आयोग के अतिरिक्त अनुदान जारी किये हैं। ये अनुदान जमीनी स्तर पर शासन को सशक्त बनाएंगे और पंचायती राज संस्थाओं में आवश्यकता आधारित स्थानीय विकास को सक्षम बनाएंगे।

000

सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ तहसील के गनेडी गांव में मिट्टी ढहने से तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे गांव में मिट्टी के टीले पर खेलने के लिए गुफा बना रहे थे। इसी दौरान मिट्टी ढह जाने से ये हादसा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

000

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज भी भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कई शहरों में सुबह प्रभात फेरी निकालकर महावीर स्वामी के संदेश को आत्मसात किया गया। सवाईमाधोपुर में जिला मुख्यालय पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। पाली में निकाली गई शोभायात्रा में भगवान महावीर से जुड़ी झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। चित्तौडगढ में भी विशाल शोभायात्रा निकाली गई। सिरोही, चूरू और झुन्झुनू में भी भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है।

000

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज भी पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। शेखावाटी क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में आंधी–बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई। सरहदी और उत्तरी जिलों में भी आज कहीं–कहीं हल्की बारिश होने से मौसम सुहावना बना हुआ है। श्रीगंगानगर जिले में आज कई

स्थानों पर बारिश हुई और अनूपगढ़ क्षेत्र में ओले गिरे। 20 एलएम लूनिया में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोग झुलस गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। हनुमानगढ़ जिले में कई स्थानों से हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार कल उदयपुर और कोटा संभाग में छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं। खैरथल–तिजारा जिले में भी कई स्थानों पर बारिश और ओलावृष्टि हुई। डीग जिले में भी कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि के समाचार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले दो दिन बाद एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं।

........................

इस बीच, मौसम विभाग ने किसानों को तैयार फसलों, कृषि मंडियों और धान मंडियों में खुले में रखे हुए अनाज तथा जिंसो को ढकने या सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी है।

000

भारतीय रिज़र्व बैंक ने पूंजी बाजार में निवेश संबंधी अपने नए नियमों को तीन महीने के लिए स्थगित कर दिया है। संशोधित समय सीमा अब पहली अप्रैल के बजाय पहली जुलाई 2026 को लागू होगी। आरबीआई ने कहा कि यह निर्णय बैंकों, पूंजी बाजार मध्यस्थों और उद्योग निकायों के अनुरोधों के बाद लिया गया है। इन संस्थानों ने कुछ परिचालन संबंधी मुद्दों पर अधिक समय दिये जाने और स्पष्टता की मांग की थी।

000